उपनिदेशक कार्यालय, सार्वजनिक शिक्षा विभाग, कोलार जिला

10वीं कक्षा की जिला स्तरीय अर्ध वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र – 2021–22

DISTRICT LEVEL MID-TERM EXAMINATION QUESTION PAPER (2021-22)

समय:3 घंटे | **विषय :तृतीय भाषा हिंदी (61H)** | **गरिष्टतम अंक:80**

I निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए है, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए – *8x1=8*

1. निम्नलिखित में से बहुवचन है –
   A) चिडिया B) लिफ़ाफ़े C) छुट्टी D) चीज़
2. " विश्वास " शब्द का विलोम रूप है –
   A) भरोसा B) उपयोग C) अज्ञान D) अविश्वास
3. " लेखक " शब्द का स्त्री लिंग रूप है –
   A) लेखन B) लड़का C) लेखिका D) बहन
4. " मिलना " शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   A) मिलाना B) मिलावट C) मिलवाना D) मेल
5. " सुरेश " शब्द में संधि है –
   A) दीर्घ B) गुण C) वृद्धी D) अयादि
6. " करकमल " शब्द में समास है –
   A) कर्मधारय B) द्विगु C) द्वन्द्व D) बहुव्रीही
7. भारत _____ राजधानी दिल्ली हैं । रिक्त स्थान में सही कारक होगा–
   A) ने B) का C) के D) की
8. तुम बहुत बुद्धिमान हो । इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –
   A) पूर्ण B) अर्ध C) अल्प D) योजक

II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबधित शब्द लिखिए–4x1=4

9. बिल्ली : म्याऊँ– म्याऊँ : : गिल्लू : ________________
10. बसंत : अहीर टीले : : पं.राजकिशोर : ________
11. आई.टी : इनफरेशन टैक्नालजी : : आई.टी.ई.एस : __________
12. भारत माँ के एक हाथ में : न्याय का पताका : : दूसरे हाथ में : _______

III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए – *4x1=4*

13. प्रेमचन्द चौक में क्यों गए थे ?
14. वर्माजी गिलहरी को किस नाम से बुलाती थी ?
15. आधुनिक मानव ने किस पर विजय पायी है ?
16. तुलसीदास के अनुसार विपत्ती के साथी कौन है ?

Use E-Papers, Save Tress
Above line hide when print out

IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए – ***8x2=16***

17. “कश्मीरी सेब” पाठ का आशय क्या है ?
18. वर्माजी को चौंकाने के लिए गिल्लू क्या करता था ?
19. आशियम्मा अब्दुल कलाम को खाने में क्या–क्या देती थीं ?
20. ई–गवर्नेंस का परिचय दीजिए।
21. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
22. दिनकरजी के अनुसार किसे मानव कह सकते है ?
23. शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है। कैसे ?

या

पुराण कथाओं के अनुसार शनि किसका पुत्र है और शनि को शनैश्चर क्यों कहते है ?

24. सत्य क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?

या

महात्मा गांधीजी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

V निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए – ***9x3=27***

25. सेब के हालत के बारे में लिखिए।
26. गिल्लू के कार्य–कलाप के बारे में लिखिए।
27. जलालुद्दीन ने अब्दुल कलाम को नई दुनिया का बोध कैसे करवाया ?
28. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?
29. वीडियो कान्फरेन्स के बारे में लिखिए।
30. मातृभूमि कविता में मातृभूमि की विशेषताओं का परिचय कैसे किया गया है ?
31. परमाणु मनुष्य को देखकर क्यों काँपते है ?

32. दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए –

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ॥

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेज़ी में कीजिए –

संसार में जितने महान व्यक्ति हुए, सबने सत्य का सहारा लिया है। सत्य का पालन किया है। राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा विश्वविख्यात है।

VI निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच – छः वाक्यों में लिखिए – ***2x4=8***

34. बसंत ईमानदार लडका है। कैसे ?

या

पं. राजकिशोर के मानवीय व्यहार का परिचय दीजिए।

Use E-Papers, Save Tress
Above line hide when print out

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए –

मुखिया मुख ______________ । ***या*** राम नाम _________________ ।

___________सहित विवेक ॥ ______________चाहसी उजियार ॥

VII 36. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – *1x4=4*

आदिकाल से मनुष्य प्रकृति की गोद में पाला – पोसा बड़ा हुआ है । मानव का जीवन वनों पर आश्रित हुआ है । मनुष्य को वनों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार से लाभ है । वन विभिन्न जडी–बूटियों, सुगंधित पदार्थ बनाने के साधन है । प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण का आधार वन ही है । वन वर्षा में सहायक होते हैं तथा वायु को शुद्ध करते हैं । वन पृथ्वी को हरा–भरा बनाने में वृक्षों का बड़ा योगदान है । बडते हुए फैशन के कारण वनों की कटाई अधिक होती जा रही है । प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव कार्यक्रम किया जाता है । वन महोत्सव के कारण धीरे–धीरे वृक्षों की संख्या में वृद्धि होने लगी है ।

अ) मानव जीवन किस पर आश्रित हुआ है ?

आ) वनों की कटाई क्यों अधिक होती जा रही है ?

इ) वन महोत्सव से क्या लाभ होने लगे है ?

ई) वन महोत्सव कब मनाया जाता है ?

VIII 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12–15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए – *1x4=4*

अ) महँगाई

* विषय प्रवेश
* महँगाई एक व्यापक समस्या
* महँगाई को दूर करने के उपाय
* उपसंहार

आ) स्वच्छ भारत अभियान

*प्रस्तावना
*सफाई का महत्व
*अभियान को सफल बनाने में आप का सुझाव
*उपसंहार

इ) इंटरनेट

* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* विविध क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग
* उपसंहार

IX निम्न लिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए – *1x5=5*

38. कोई कारण बताते हुए छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

या

अपनी पढाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

Use E-Papers, Save Tress
Above line hide when print out